# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता और कार्रवाई को प्रोत्साहित करने का एक माध्यम है. फास्ट फैशन उद्योग सबसे बड़े कार्बन प्रदूषकों में से एक है और कचरे के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है जिसके लिए पर्यावरणविदों ने दुनियाभर में चिंता जताई है. इसका मुकाबला करने के लिए, स्लो फैशन अधिक ध्यान आकर्षित कर रहा है. आइए जानते हैं कि आप अपने कपड़ों का कितना सस्टेनेबल तरीके से इस्तेमाल करते हैं. यह पुराने कपड़ों से लेकर या अपनी शर्ट को डस्टिंग वाले कपड़े में बदलने तक कुछ भी हो सकता है.

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को 15/06/2022 तक writetous.en@gmail.com पर भेजें, जो 200 से 250 शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/ रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 25 जून-1 जुलाई, 2022) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/ कुरुक्षेत्र/आजकल की प्रतियां तीन महीने तक नि:शुल्क भेजी जाएंगी.